# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,

डिप्लोमा विंग, एयरपोर्ट बायपास रोड,

भोपाल — 462 033.

दूरभाष नं. 0755—2583627 / 2583673 फैक्स नं. 2583656 E-Mail: diplomawing@rgpv.ac.in


क्रमॉक / रागांप्रौविवि / शैक्ष / 26 / 516      / भोपाल, दिनॉक 6/4/26

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय तथा अशासकीय इंजी0 एवं फार्मेसी महाविद्यालय,
म.प्र.

विषयः— निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आये विद्यार्थियो को डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान करने विषयक ।

000

अतिमहत्वपूर्ण तत्काल

राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल से सम्बद्ध प्रदेश के समस्त पोली0 महाविद्यालयो के विभिन्न अवधि के पाठ्यक्रमों में निम्न वर्णित वर्षो में प्रवेशित ऐसे भूतपूर्व विद्यार्थी जो कि निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आ गये हैं और वे अपना डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण नही कर सके है, उन्हें उनका डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान किया जा रहा है ।

(अ) पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न अवधि के पाठ्यक्रम तथा उन पाठ्यक्रमो में विभिन्न वर्षो में प्रवेशित विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है, जिन्हें उपरोक्त एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्रदान किया जाना है :—

1. दो वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2020 तक हुआ है ।
2. तीन वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2018 तक हुआ है।
3. चार वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2017 तक हुआ है।
4. चार वर्षीय अंशकालीन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2017 तक हुआ है।
5. दो वर्षीय फार्मेसी पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2010 से 2020 तक हुआ है ।

(ब) अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के इच्छुक तथा पात्र विद्यार्थी पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली निम्न परीक्षाओ में किसी एक ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें :—

1. डिप्लोमा इंजी0 के दो वर्षीय, तीन वर्षीय, चार वर्षीय एवं चार वर्षीय अशंकालीन पत्रोपाधि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियो के लिये आयोजित परीक्षा—मई / जून—2026 या दिसम्बर —2026 में से कोई भी एक परीक्षा ।
2. डिप्लोमा फार्मेसी के लिये आयोजित परीक्षा—अप्रैल—2026 अथवा अगस्त—2026

समस्त महाविद्यालय सम्बंधितों को यह अवगत करावें कि, इन विद्यार्थियों को उपरोक्त एक विशेष अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात किसी अन्य अवसर की पात्रता नहीं होगी, तथा उनका अनुरोध किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जावेंगा । इस आशय का एक शपथ पत्र 100/—रूपये के स्टाप पेपर पर विधार्थियों को प्रस्तुत करना होगा । महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसे सम्बंधित विधार्थियों को प्रदान किये जाने वाले अवसरों की जानकारी देने हेतु संस्था के नोटिस बोर्ड पर सूचना पत्र की प्रति चस्पा की जावे, तथा सम्बंधित विद्यार्थियों को पंजीकृत मोबाईल नं0 एवं ई—मेल माध्यम से भी सूचित किया जावे । तत्सम्बन्ध में स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति भी प्रकाशित करवायें तथा विद्यार्थियों के सोशल मीडिया ग्रुप और अन्य संसाधन से समुचित प्रचार प्रसार करें ।

संलग्नः—शपथ—पत्र का प्रारूप ।

6/4/26

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल । 6/4/26

पृ0कमॉक / रागांप्रौविवि / शैक्ष / 26 / 517      / भोपाल, दिनॉक

प्रतिलिपिः—1. निज सचिव माननीय कुलपति महोदय,राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,गांधी नगर, भोपाल ।
2. निज सहायक आयुक्त,मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा संचालनालय,चौथी मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
3. सीईओ, किप्स, श्यामलाहिल्स, भोपाल ।
4. प्रभारी अधिकारी गोपनीय / परीक्षा / कम्प्यूटर उपविभाग राजीव गांधी प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डिप्लोमा विंग भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

6/4/26

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल ।

# शपथ – पत्र
## (नोटरी द्वारा)

मैं (विद्यार्थी का नाम)————————————————————पोलीटेक्निक संस्था————————————मैं (ब्रांच का नाम)————————————कार्यक्रम जिसकी अवधि———वर्षीय———एवं पढ़ाई की पद्धति ———(वार्षिक/सेमेस्टर/एमपेक्स) हैं का छात्र/छात्रा हूँ । मेरा रोल नम्बर————————————————हैं । मैंने प्रथम बार उपरोक्त कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र——————में प्रवेश लिया था ।

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त शैक्षणिक सत्र में प्रवेशोपरांत मुझे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (पूर्व म.प्र.तकनीकी शिक्षा मण्डल) द्वारा संबंधित डिप्लोमा की पढ़ाई पूर्ण करने हेतु पूर्व में दिये गये निर्धारित समुचित अवसरों का लाभ लेने के पश्चात् भी मैं अपना डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं कर पाया/पाई हूँ अब मुझे परिपत्र कमॉक/रागाप्रौवि/शैक्ष/2026/516, दिनॉक 06.04.2026 के अनुसार अपना डिप्लोमा पूर्णतः उत्तीर्ण करने के लिये स्वाध्यायी छात्र/छात्रा के रूप में विशेष अनुकम्पा अवसर परीक्षा माह——————वर्ष ———में दिया जा रहा है ।

उपरोक्त तथ्य ज्ञात होते हुए मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि अंतिम अवसर के पश्चात् मुझे अपना डिप्लोमा पूर्ण करने हेतु यदि विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाता है तो मैं न तो अतिरिक्त अवसर की मांग करूंगा/करूंगी अथवा इस हेतु विधिक रूप से कोई दावा भी किसी माध्यम से पेश नहीं करूंगा/करूंगी । इस हेतु मेरी लिखित सहमति है तथा यह मैं अपनी पूरी सही जानकारी एवं बिना किसी दबाव के, स्वयं प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।

"विशेष परिस्थितियों में प्रदत्त इस अतिरिक्त अवसर के उपरान्त अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में, मैं किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत नही करूंगा।"

विद्यार्थी के हस्ताक्षर————————————
नाम——————————————————
पता——————————————————

प्राचार्य के हस्ताक्षर सील सहित